## ये लोग हीरो हैं, जिन्होंने लोगों की जान बचाई : मूर

### – जहाज के टकराने से टूट गया था पुल, 6 लोगों की हुई थी मौत



वाशिंगटन। अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में एक कार्गो शिप के टकराने से पुल पूरी तरह टूट गया था जिसमें छह लोग लापता हो गए थे जिन्हें बाद में मृत मान लिया गया और अमेरिकी अधिकारी ने बुधवार सुबह तक के लिए उनकी तलाश रोक दी है। इस जहाज में सवार 22 सदस्यीय चालक दल के सभी सदस्य भारतीय थे और सभी सुरक्षित हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार कहा जा रहा है कि सिंगापुर के झंडे वाला कंटेनर जहाज मंगलवार तड़के बाल्टीमोर शहर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से यह 300 मीटर लंबा यह जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया। जिसके टकराने कई वाहन और लगभग 20 लोग नदी में गिर गए थे। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि जहाज के चालक दल ने टक्कर से पहले बिजली की समस्या की सूचना दी थी। रिपोर्ट में बताया कि कंटेनर जहाज डीएएलआई के मालिकों ने बताया कि जहाज मंगलवार को फ्रांसिस स्कॉट के बाल्टीमोर पुल के एक खंभे से टकरा गया था इसमें सवार दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है और किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा कि जहाज, जो 8 समुद्री मील की तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा था जहाज के पुल के खंभे से टकराने से कुछ पल पहले आपात कॉल जारी किया गया था। इस अलर्ट से अधिकारियों ने भी तुरंत कदम उठाते हुए गाड़ियों को पुल पर जाने से रोक दिया। मूर ने कहा, 'हम आभारी हैं कि हमारे पास ऐसे अधिकारी थे, जिन्होंने समय रहते ट्रैफिक को रोक दिया। उन्होंने शिप के क्रू मेंबर्स की तारीफ करते हुए कहा, 'ये लोग हीरो हैं। उन्होंने कल रात लोगों की जान बचाई।

## लंदन में किसानों का जाम.... संसद के पास ट्रैक्टर रैली निकाल कर किया प्रदर्शन



लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में किसानों ने संसद के पास ट्रैक्टर निकाल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया है। किसानों ने ब्रेक्जिट के बाद के नियमों और व्यापार समझौतों का विरोध करने के लिए ब्रिटिश संसद की ओर धीमी गति के काफिले में दर्जनों ट्रैक्टर चलाए। व्यापार समझौते को लेकर किसानों का कहना है कि ये आजीविका और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। सेव ब्रिटिश फार्मिंग एंड फेयरनेस फॉर फार्मर्स ऑफ केंट अभियान समूह के समर्थक दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड से और राजधानी के दक्षिणी जिलों से होते हुए पार्लियामेंट स्क्वायर की ओर बढ़े, जहां दर्जनों समर्थक उनके स्वागत के लिए इंतजार कर रहे थे। यूनियन जैक के झंडे या घटिया आयात बंद करो लिखे साइन लहराकर ट्रैक्टरों की कतार टेम्स नदी के किनारे और संसद भवन की ओर बढ़ी और जयकारे लगाते हुए और हॉर्न बजाते हुए पार्लियामेंट स्क्वायर का चक्कर लगाया। ब्रिटेन ने अब तक बड़े पैमाने पर किसानों का विरोध प्रदर्शन नहीं देखा है, जिसने फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों के शहरों को जाम कर दिया है। 27 देशों के यूरोपीय संघ के किसानों ने अनावश्यक नौकरशाही नियमों, स्वच्छ हवा और मिट्टी के लक्ष्य और विदेशों से अनुचित प्रतिस्पर्धा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है, जो उन्हें दिवालियापन की ओर ले जा रहा है। ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर निकलने से ब्रिटेन की कृषि पर भारी असर पड़ा है, इसने ब्रिटेन को ब्लॉक के मुक्त व्यापार क्षेत्र और कृषि नियमों के जटिल जाल से बाहर कर दिया है।

कई ब्रिटिश किसानों ने यूरोपीय संघ की बहु-आलोचना वाली सामान्य कृषि नीति के विरोध में ब्रेक्सिट का समर्थन किया। लेकिन अब कई लोग कहते हैं कि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड सहित देशों के बीच व्यापार सौदों ने सस्ते आयात का द्वार खोल दिया है जिससे ब्रिटिश उत्पादकों को नुकसान हो रहा है।

## इंसान अक्सर जंगली और घरेलू जानवरों में फैलाते हैं वायरस, ताजा अध्ययन में वैज्ञानिकों ने किया यह दावा

लंदन। इंसान अक्सर जंगली और घरेलू जानवरों में वायरस फैलाते हैं, जिससे उनमें बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। यह दावा किया है वैज्ञानिकों ने ताजा अध्ययन में। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने वायरल जीनोम का विश्लेषण किया जिससे पता चला कि मनुष्यों को कभी भी वायरस फैलाने का स्रोत नहीं माना गया है। मानव-से-पशु में वायरस के फैलने पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। यूसीएल के जेनेटिक्स इंस्टीट्यूट और फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के डॉक्टरेट छात्र, प्रमुख लेखक सेड्रिक टैन ने कहा, 卐जब जानवर इंसानों से वायरस पकड़ते हैं, तो यह न केवल जानवरों को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि पूरी प्रजाति के लिए संरक्षण का खतरा पैदा कर सकता है। बल्कि इसे रोकने के लिए बड़ी संख्या में पशुओं को मारने की आवश्यकता होती है।卐卐इसके अलावा, यदि मनुष्यों से लाया गया कोई वायरस किसी नई पशु प्रजाति को संक्रमित करता है, तो मनुष्यों के बीच ख़त्म होने के बाद भी यह पनपता रह सकता है। अध्ययन के लिए, टीम ने लगभग 12 मिलियन वायरल जीनोम का विश्लेषण किया।यूसीएल जेनेटिक्स इंस्टीट्यूट के सह-लेखक प्रोफेसर फ्रेंकोइस बलौक्स ने कहा, मनुष्यों से जानवरों में वायरस का फैलना संक्रमण का एक तरीका है, इसके अलावा और भी तरीके हैं।शोधकर्ताओं ने पाया कि 卐इंसानों से जानवर में फैलने वाला वायरस लगभग दोगुने से अधिक है। यह पैटर्न अधिकांश वायरल परिवारों में सुसंगत था।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाला विधेयक थाइलैंड के निचले सदन में पारित

बैंकॉक। थाइलैंड की संसद के निचले सदन ने बुधवार को एक विवाह समानता विधेयक को भारी बहुमत से पारित कर दिया जिसमें समलैंगिक विवाह समेत किसी भी लैंगिक पहचान के लोगों के बीच विवाह संबंधों को मान्यता दी गई है। इस विधेयक के कानून बनने के साथ थाइलैंड किसी भी लैंगिक पहचान वाले जीवनसाथियों के समानता के अधिकार को कानूनी मान्यता देने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बन जाएगा। प्रतिनिधि सभा में उपस्थित 415 सदस्यों में से 400 ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, वहीं 10 लोगों ने इसके खिलाफ मतदान किया। पांच सदस्यों ने मतदान से दूरी बनाई या उसमें भाग नहीं लिया। विधेयक में नागरिक और व्यावसायिक संहिता में संशोधन कर 'पुरुषों और महिलाओं' तथा 'पति और पत्नी' शब्दों की जगह 'लोग' और 'वैवाहिक जीवनसाथी' शब्द डाले गए हैं। यह विधेयक 'एलजीबीटीक्यू प्लस' दंपतियों को पूरी तरह कानूनी, वित्तीय और चिकित्सा अधिकार प्रदान करेगा। विधेयक अब सीनेट में जाएगा, जो निचले सदन से पारित होने वाले किसी भी विधेयक को बमुश्किल ही कभी खारिज करता है। इसके बाद विधेयक को थाइलैंड के नरेश की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसके कानून बनने के बाद थाइलैंड दक्षिण पूर्व एशिया का पहला और एशिया में ताइवान तथा नेपाल के बाद तीसरा ऐसा देश बन जाएगा जहां इस तरह का कानून पारित हुआ है।





वाशिंगटन में गर्भपात के अधिकारों को लेकर अदालत के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

## अमेरिका और ब्रिटेन का आरोप, चीन व्यापक साइबर जासूसी अभियान चला रहा

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका ने चीन की जिनपिंग सरकार पर व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 (एपीटी 31) कहा जाने वाला हैकिंग समूह कथित तौर पर चीन के सुरक्षा मंत्रालय से जुड़ा हुआ है। संबंधित डेवलपमेंट में न्यूजीलैंड ने 2021 में दुर्भावनापूर्ण साइबर हमले के लिए राज्य प्रायोजित चीनी हैकरों को जिम्मेदार ठहराया है। सुरक्षा सेवा मंत्री जूडिथ कोलिन्स ने संवेदनशील सरकारी जानकारी को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने पर जोर दिया। साइबर हमलों के निशाने पर कथित तौर पर कानून निर्माता, शिक्षाविद्, पत्रकार और बीजिंग के आलोचक सरकारी अधिकारी, साथ ही रक्षा ठेकेदार और इस्पात, ऊर्जा और परिधान जैसे क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कहा जाता है कि वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों के पति-पत्नी भी निशाना बनाया गया था। उप अमेरिकी अटॉर्नी जनरल लिसा मोनाको के अनुसार, हैकिंग ऑपरेशन का प्राथमिक मकसद चीनी शासन के आलोचकों को चुप कराना, सरकारी संस्थानों में घुसपैठ करना और व्यापार रहस्यों को चुराना था। अमेरिकी अभियोजकों ने सात कथित चीनी हैकरों के खिलाफ अभियोग खोल दिया है, जिसमें उन पर लाखों अमेरिकियों के कार्य खातों, व्यक्तिगत ईमेल, ऑनलाइन स्टोरेज और टेलीफोन कॉल रिकॉर्ड से समझौता करने का आरोप लगाया गया है। इस बीच, ब्रिटिश अधिकारियों ने एपीटी 31पर चीन के आलोचक ब्रिटिश सांसदों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, इतना ही नहीं चीनी जासूसों के एक अलग समूह को ब्रिटेन के चुनावी निगरानी में हैक के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिसने ब्रिटेन में लाखों लोगों के डेटा से समझौता किया है। यूके और यूएस दोनों में चीनी राजनयिकों ने आरोपों को खारिज कर उन्हें निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताया है। फिर भी, दोनों देशों ने कथित तौर पर चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय से जुड़ी एक फर्म पर प्रतिबंध लगाया है, जिसे वे हैकिंग गतिविधि के लिए अग्रणी कंपनी होने का दावा करते हैं।

# भारत ने फिलीपींस का समर्थन किया तो भड़क उठा चीन



**बीजिंग(एजेंसी)।** चीन की विस्तावदी नीति ही चीन के लिए चुनौतियां खड़ीं कर रही हैं। इसी नीति के कारण उसका कई देशों से पंगा चल रहा है। भारत पर भी चीन की हमेशा ही टेढ़ी नजर रहती है। इसी बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच कहा था कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने में दक्षिणपूर्व एशियाई देश का भारत दृढ़ता से समर्थन करता है और वह रक्षा व सुरक्षा समेत सहयोग के नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना चाहता है। मनालो के साथ संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन-फिलीपीन के बीच विवाद पर एक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र समुद्र विधि समझौता (यूएनसीएलओएस 1982) इस संबंध में समुद्र के विधान के तौर पर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सभी पक्षों को इसका अक्षरशः पूरी तरह पालन करना चाहिए। मैं इस अवसर पर फिलीपीन की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दृढ़ता से दोहराता हूं।

बीजिंग ने भारत से विवादित दक्षिण चीन सागर पर उसके संप्रभुता के दावों और समुद्री हितों का सम्मान करने की अपील की। साथ ही कहा कि तीसरे पक्ष को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत फिलीपीन की संप्रभुता का समर्थन करता है। इसे लेकर सवाल पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच के मुद्दे हैं। तीसरे पक्ष को किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम संबंधित पक्षों से दक्षिण चीन सागर मुद्दे पर तथ्यों और सच्चाई का सीधे तौर पर सामना करने की अपील करते हैं। साथ ही चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों व दक्षिण चीन सागर को शांतिपूर्ण रखने के क्षेत्रीय देशों के प्रयासों का सम्मान होना चाहिए। मालूम हो कि एस जयशंकर इस समय आधिकारिक यात्रा पर मनीला में हैं। इस दौरान उन्होंने फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो से बातचीत की।

### ये है विवाद का मुख्य कारण

चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। फिलहाल चीन और फिलीपीन के बीच विवाद है, क्योंकि दोनों देशों के तटरक्षक जहाज दक्षिण चीन सागर में सेकंड थॉमस शोल पर अपना दावा जताने के लिए होड़ कर रहे हैं, जिसे दोनों अपना हिस्सा मानते हैं। चीन ने शिकायत की थी कि फिलीपीन ने चट्टान पर खड़े एक पुराने युद्धपोत तक निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए 2 तटरक्षक जहाज और एक आपूर्ति जहाज भेजा था। चीन का कहना है कि फिलीपीन ने 1999 में जानबूझकर एक युद्धपोत को खड़ा कर दिया था। वहीं, मनीला ने चीनी तटरक्षकों पर उनके जहाज को रोकने और पानी की बौछारों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। फिलीपीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टेरेसिटा डाजा ने कहा कि फिलीपीन के विशेष आर्थिक क्षेत्र में उसकी नियमित और वैध गतिविधियों में चीन का निरंतर हस्तक्षेप अस्वीकार्य है।

## महिलाओं के लिए सऊदी अरब ने कई पाबंदियां हटाई, अब मिस यूनिवर्स में हिस्सा ले रहीं रुमी

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** रियाद(ईएमएस)। इस्लामिक देश सऊदी अरब अब महिलाओं के प्रति काफी उदार होता जा रहा है। मोहम्मद बिन सलमान अल के राज में महिलाओं के लिए लगीं तमाम पाबंदियों को हटाया गया है। यही वजह है कि 27 साल की खूबसूरत मॉडल रूमी अलकाहतानी देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह सऊदी अरब के लिए एक और ऐतिहासिक कदम है। इससे पहले हाल ही में सऊदी अरब ने गैर-मुस्लिम राजनयिकों को शराब खरीदने की अनुमति दी थी। इसके अलावा महिलाओं को सार्वजनिक रूप से गाड़ी चलाने और पुरुषों के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने की इजाजत दी थी। मॉडल रूमी अलकाहतानी ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर जानकारी दी कि वह मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में अपने देश सऊदी अरब से पहली प्रतिभागी होंगी।

बता दें कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद की रहने वाली रूमी को इंटरनेशनल फेस्टिवलों में भाग लेने के लिए जाना जाता है। कुछ हफ्ते पहले मलेशिया में आयोजित मिस एंड मिसेज ग्लोबल एशियन में वो हिस्सा ले चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार रूमी अलकाहतानी ने कहा, मेरा योगदान वैश्विक संस्कृतियों के बारे में सीखना और सऊदी संस्कृति और विरासत को दुनिया के सामने लाना है। मिस सऊदी अरब का ताज पहनने के अलावा, उनके पास मिस मिडिल ईस्ट (सऊदी अरब), मिस अरब वर्ल्ड पीस 2021 और मिस वुमन (सऊदी अरब) का खिताब भी है।

**सऊदी अरब में हो रहे कई बदलाव-** सऊदी अरब, जो लंबे समय से अपनी रूढ़िवादिता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में 38 वर्षीय क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। अरब प्रायद्वीप में सबसे बड़े देश के रूप में सऊदी अरब ने ऐतिहासिक रूप से सख्त सामाजिक और धार्मिक नियंत्रण बनाए रखा है। हालांकि, हाल के महीनों में यहां कड़े प्रतिबंधों में ढील देखी गई है। सऊदी अरब में हो रहे इन बदलावों ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। विशेष रूप से महिलाओं पर प्रतिबंध हटाने लेकर। जिसमें उन्हें गाड़ी चलाने, पुरुषों संग कार्यक्रमों में भाग लेने और बिना पुरुष गार्जन के पासपोर्ट के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, सऊदी अरब, जो अपने सख्त शराब नीतियों के लिए जाना जाता है, ने हाल ही में गैर-मुस्लिम राजनयिकों को शराब खरीदने की अनुमति दी है।

## कंधार से जुड़ रहे मॉस्को हमले के तार ,वीडियो भी सामने आया



**मॉस्को (एजेंसी)।** मॉस्को में हुए आतंकी हमले के तार अफगानिस्तान के कंधार से भी जुड रहे हैं। हमला किसने और क्यों किया इसको लेकर कई जांच एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं। इसको लेकर एक वीडियो भी सामने आया है। अफगानिस्तान के कंधार स्थित काबुल बैंक के सामने पिछले सप्ताह उस समय आत्मघाती हमला हुआ, जब सैंकड़ों सरकारी कर्मचारी अपना वेतन लेने के लिए बैंक में पहुंचे हुए थे। इस आत्मघाती हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए थे और अनेकों घायल हुए थे। जांच के दौरान इस आत्मघाती हमले का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि आत्मघाती हमलावर विस्फोटक से भरा हुआ बैग लेकर बैंक के अंदर पहुंचता है। इसमें शीशे की दूसरी तरफ बड़ी तादाद में सरकारी कर्मचारी वेतन लेने के लिए जुटे हुए हैं। इतने में हमलावर विस्फोटक से भरे बैग के साथ नीचे बैठता है और उसके बाद अपने शरीर पर लगे विस्फोटक के साथ बेल्ट का आत्मघाती बटन ऑन करके खुद को उड़ा लेता है। इस मामले में हो रही जांच पर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बयान जारी करते हुए बताया कि यह हमला आतंकवादी संगठन आईएस द्वारा किया गया था और हमलावर उज्बेकिस्तान का मूल निवासी असदबेक मदियारोव था, जिसने सेंट पीटर्सबर्ग में उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। तालिबान के दावे के मुताबिक, यह हमलावर साल 2021 में भर्ती हुआ था और उसके बाद उसे इस्लामिक स्टेट के खुरासान मॉड्यूल में बड़ी वारदात अंजाम देने के लिए भेज दिया गया था। तालिबान जांच कर रहा है कि कहीं यह हमलावर इससे पहले मास्को वाले हमलावरों के साथ तो मौजूद नहीं था। जांच के दौरान यह बात सामने आ रही है कि हमलावरों ने पाकिस्तानी समर्थक गुटों से ट्रेनिंग ली थी।

# हमास ने यूएनएससी के प्रस्ताव को ठुकराया ,गाजा में जारी रहेगी जंग



**जेनेवा (एजेंसी)।** आतंकी संगठन हमास की अकड़ के चलते गाजा में हजारों लोगों की जान चली गई। महिलाएं,बच्चे और बुजुर्ग प्रताड़ना का शिकार हैं। लोगों को भोजन पानी और बुनियादी जरुरतों से वंचित कर दिया गया है। भुखमरी की कगार में पहुंचे गाजा में मानवता कराह रही है। इसके बाद भी हमास का दिल नहीं पसीज रहा। यूएनएससी ने शांति का प्रस्ताव दिया था,लेकिन हमास ने एक झटके में उसे ठुकरा दिया। अब संभावना जताई जा रही है कि जंग फिलहाल नहीं रुकेगी और किस अंजाम तक पहुंचे कोई नहीं जानता।

हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में मतदान से इजराइल और अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया। अमेरिका ने सोमवार को मतदान में अपने 'वीटो' अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया। जवाब में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित वाशिंगटन यात्रा को निरस्त कर दिया। नेतन्याहू ने हमास की मांगों को खारिज कर दिया है। वहीं नेतन्याहू ने अमेरिका से भी नाराजगी जताते हुए कहा कि वह यूएनएससी में अपनी नीति से पीछे हट गया है। उसे इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करना चाहिए था क्योंकि प्रस्ताव में बंधकों की रिहाई की बात नहीं कही गई है। बता दें कि इससे पहले अमेरिका भी सीजफायर को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया था लेकिन रूस और चीन ने इसपर वीटो लगा दिया था। इसमें बंधकों की रिहाई की भी बात कही गई थी।

हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए इसे खारिज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पास इस प्रस्ताव में युद्ध की समाप्ति और गाजा से सैनिकों की पूर्ण वापसी की बात कही गई है। मुस्लिम देशों द्वारा लाए गए यूएनएससी के अस्थायी सदस्यों के इस प्रस्ताव का चीन और रूस ने भी समर्थन किया था। वहीं अमेरिका ने वोटिंग से दूरी बना ली थी।हमास ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा पट्टी से (इजराइली सैनिकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है।

# अमेरिका ने उगला भारत के खिलाफ जहर ,सीएए पर जताई चिंता

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारत में सीएए लागू होने के बाद अमेरिका ने इस पर चिंता जाहिर की है। अमेरिकी आयोग का कहना है कि सीएए से स्पष्ट होता है कि मुस्लिमों को सीएए परेशानी डाल सकता है। अमेरिका सरकार के बाद अब अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को लागू करने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर चिंता व्यक्त की है। अमेरिकी आयोग ने कहा है कि किसी को भी धर्म या विश्वास के आधार पर नागरिकता से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यूएससीआईआरएफ के आयुक्त स्टीफन श्नेक ने एक बयान में कहा, 'समस्याग्रस्त सीएए पड़ोसी देशों से भागकर भारत में शरण लेने आए लोगों के लिए धार्मिक अनिवार्यता का प्रावधान स्थापित करता है।' श्नेक ने कहा कि सीएए हिंदुओं, पारसियों, सिखों, बौद्धों, जैनियों और ईसाइयों के लिए त्वरित नागरिकता का मार्ग प्रशस्त करता है, लेकिन इस कानून के दायरे से मुसलमानों को स्पष्ट रूप से बाहर रखा गया है। आलोचकों ने अधिनियम से मुसलमानों को बाहर रखने को लेकर सरकार पर सवाल उठाया है, लेकिन भारत ने अपने कदम का मजबूती से बचाव किया है।

वही दूसरी तरफ भारत और भारतीय समुदाय से संबंधित नीतियों का अध्ययन एवं विश्लेषण कर उनके बारे में जागरूकता फैलाने वाले 'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' (एफआईआईडीएस) ने कहा कि सीएए के ''तथ्यात्मक विश्लेषण'' के अनुसार, इस प्रावधान का उद्देश्य भारत के तीन पड़ोसी इस्लामिक देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करना है। उसने कहा, गलतफहमियों के विपरीत, इसमें भारत में मुसलमानों को नागरिकता से वंचित करने या उनकी नागरिकता रद्द करने या उन्हें निर्वासित करने का प्रावधान नहीं है इसलिए, इसे 'उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए शीघ्र नागरिकता अधिनियम' कहना उचित होगा।इसमें कहा गया है, 'हमें भरोसा है कि यूएससीआईआरएफ अन्य एजेंसियां और अन्य संस्थाएं सीएए पर इस जानकारी को उचित मानेंगी और यह समझेंगी कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे में यूएससीआईआरएफ द्वारा उठाई गई कुछ चिंताओं को सीधे तौर पर दूर करता है।श्नेक ने अपने बयान में कहा, अगर वास्तव में इस कानून का उद्देश्य उत्पीड़न झेलने वाले धार्मिक




अल्पसंख्यकों की रक्षा करना होता, तो इसमें बर्मा (म्यांमा) के रोहिंग्या मुसलमान, पाकिस्तान के अहमदिया मुसलमान या अफगानिस्तान के हजारा शिया समेत अन्य समुदाय भी शामिल होते। किसी को भी धर्म या विश्वास के आधार पर नागरिकता से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। भारत के गृह मंत्रालय का कहना है कि इन देशों के मुसलमान भी मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

